राजस्थान सरकार

# औषधि नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, जयपुर, राजस्थान

क्रमांकः लेखा/2020/30 दिनांकः– 20.02.2020

समस्त सहायक औषधि नियंत्रक( आहरण वितरण अधिकारी),
राजस्थान।

विषय :– वर्ष 2019–20 के लिये अन्तिम आधिक्य व्यय एवं बचत तालिकायें (राज्य निधि प्रतिबद्ध/राज्य निधि) प्रस्तुत करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2019–20 समाप्त होने में लगभग दो माह शेष है, अतः नीचे उल्लेखित निर्देशों की पालना करते हुए संलग्न प्रपत्र (दो प्रतियों) में अंतिम आधिक्य व्यय एवं बचत तालिकायें अविलम्ब तीन दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें।

अन्तिम आधिक्य बचत तालिकायें प्रस्तुत एवं तैयार करने में निम्नाकिंत दिशा निर्देशों की कडाई से पालना सुनिश्चित की जावे :–

1. रांशोधित अनुमान वर्ष 2019–20 एवं आय वययक अनुमान वर्ष 2020–21 के प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय विभाग द्वारा जिन पदों को प्रमाणित किया गया है संवेतन मद में उन्हीं पदो के लिये वास्तविक मांग का आकलन किया जाकर तालिकायें प्रस्तुत की जावें।
2. अन्तिम आधिक्य व्यय एवं बचत तालिकायें के साथ माह जनवरी 2020 का IFMS के अन्तर्गत कोषालय से मिलानशुदा मासिक व्यय मानचित्र भी साथ मे लाया जाना सुनिश्चित करावे तथा यदि माह जनवरी 2020 का मासिक व्यय मानचित्र पुर्व में प्रेषित कर दिया गया हो तो उसकी छाया प्रति साथ में लाया जाना सुनिश्चित किया जावें।
3. अन्तिम आधिक्य एवं बचत की तालिकायें अलग–अलग बजट मदवार भिजवाई जावे तथा विस्तृत मद शीर्ष संलग्न प्रपत्र–अ के क्रमानुसार ही भिजवायी जावे। जो विस्तृत मद लागू नही हो उसे छोड़ा जा सकता है।
4. जिन लेखा मदों में बचत संभावित है उन मदों में उतनी राशि IFMS के अन्तर्गत आपकी UID में उपलब्ध होना सुनिश्चित कर लिया जावे तथा आपकी Office ID में बचत राशि उपलब्ध है,इसकी Hard copy साथ में लावें।
5. वर्दियों हेतु राशि का व्यय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर किया जावे।

6. तालिकाओं में माह जनवरी 2020 तक वास्तविक व्यय को दर्शाते हुये दिनांक 01.02.2020 से 31.03.2020 तक होने वाले संभावित व्यय को पुर्ण औचित्य के साथ दर्शाते हुए व्यय का योग दर्शाया जावे तथा उसके अन्त में अधिक व्यय एवं बचत दर्शावें।
7. तालिकाओं में बजट प्रावधान में केवल वही राशि अंकित की जावे जो आपको अधिकृत रूप से आंवटित की गई है। अतः IFMS के अन्तर्गत बजट स्थिति से संबंधित हार्ड कॉपी अनिवार्य रूप से साथ लावें।
8. प्रपत्र अ के कॉलम सं. 12 (अंतिम आवंटन) को खाली रखें। उक्त कॉलम की पूर्ति विभाग स्तर से की जावेगी।
9. चालू वित्तीय वर्ष के लिये आयोजना व्यय/आ.भि.व्यय से संबंधित व्यय तालिकायें निर्धारित दिनांक तक भिजवायी जानी सुनिश्चित की जावे। माह जनवरी 2020 का मासिक व्यय विवरण प्राप्त नहीं होने पर अंतिम व्यय एवं बचत में की गई मांग पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
10. संवेतन मद में शुद्ध राशि के आधार पर आकलन नहीं किया जाकर सकल राशि इस मद में प्रस्तावित की जावे।
11. उक्त तालिकाओं के साथ में माह अप्रेल 2019 से जनवरी 2020 तक लेखा शीर्षक 0210 चिकित्सा एवं लोंक स्वास्थ्य में प्राप्त राजस्व एवं दिनांक 01.02.2020 से 31.03.2020 तक संभावित आय का विवरण प्रपत्र–ब में आवश्यक रूप से साथ लावें। समस्त आहरण वितरण अधिकारी प्राप्त राजस्व की सूचना आय मदवार संकलित कर समेकित रूप से आय की सूचना निर्धारित प्रपत्र ब में लाया जाना सुनिश्चित करावें।
12. अंतिम आधिक्य व्यय एवं बचत तालिकाओं में ऐसे व्यय को सम्मिलित नही किया जावे जो दिनांक 31.03.2020 तक कोष कार्यालय से पारित होने की स्थिति में न हों।

(राजा राम शर्मा)
औषधि नियंत्रक
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः लेखा/2020/30 दिनांकः–20.02.2020

प्रतिलिपि :– 1. प्रभारी सर्वर रूम, वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।

(राजा राम शर्मा)
औषधि नियंत्रक
राजस्थान जयपुर

प्रपत्र–अ

Statement showing the Final Excess &Saving for the year 2019-20

Name of Office :-
Budget Head :-

(Rs. In Lacs)

| Detailed Head | Final Allotment 2018-19 | Actual Expenditure 2018-19 | Original Allotment 2019-20 | Additional Allotment Upto date | Allotment for New Items | Total Allotment 2019-20 (Col. 4+5+6) | Exp. Upto 31-1-2020 | Likely Exp. 1-2-2020 to 31-3-2020 | Total Exp. 2019-20 (Col. 8+9) | Excess (-)/ saving (+) (7-10) | Final Allotment to be done by HOD |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01-Salary | | | | | | | | | | | |
| 03-Travelling Expenses | | | | | | | | | | | |
| 04-Medical Expenses | | | | | | | | | | | |
| 05-Office Expenses | | | | | | | | | | | |
| 07-MMV | | | | | | | | | | | |
| 18-METP | | | | | | | | | | | |
| 19-Light & Water | | | | | | | | | | | |
| 20-MMV | | | | | | | | | | | |
| 22-Material Supply | | | | | | | | | | | |
| 36-Hiring Charges of Vech. | | | | | | | | | | | |
| 37-Liveries | | | | | | | | | | | |
| 41-Cont. Services | | | | | | | | | | | |
| 60-Drug & Medicine | | | | | | | | | | | |
| Total | | | | | | | | | | | |

Seal & Signature of DDO
(With Office ID)

प्रपत्र–ब (राजस्व प्राप्तियां)

Statement showing the Final Revenue Reciepts for the year 2019-20

Name of Office :-

(Rs. In Lacs)

| S.no. | Detailed Head | Actual Income | | Actual Income 4/2019 to 01/2020 | Estimated income 01.02.2020 to 31.03.2020 | Total income 2018-19(Col. 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2017-18 | 2018-19 | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 0210—04—800—02—00 | | | | | |
| | योग | | | | | |

Seal & Signature of DDO
(With Office ID)